the year 1996-97 for this programme was not known until February, 1997 for proposals submitted suo moto by interested producers. However, a total number of 625 proposals were received. The normal terms and conditions applicable for commissioned/sponsored programme on Doordarshan were only appliable.

(c) No, Sir.

(d) Does not arise in view of (c) above.

(e) Budget allocation for 1997-98 is yet to be done.

दूरदर्शन केन्द्र, रांची से क्षेत्रीय समाचार प्रसारित करने की व्यवस्था

1755. **श्री ज्ञान रंजन** : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि बिहार राज्य में आकाशवाणी केन्द्र, नरौली से प्रातः 8.30 बजे क्षेत्रीय समाचारों के प्रसारण की व्यवस्था है परन्तु दूरदर्शन केन्द्र, रांची से क्षेत्रीय समाचारों के प्रसारण की कोई व्यवस्था नहीं है जिसके परिणामस्वरूप महत्वपूर्ण घटनाओं के समाचार दूरदर्शन से समय पर प्रसारित नहीं हो पाते;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार आकाशवाणी केन्द्र, रांची की तरह दूरदर्शन केन्द्र, रांची से भी समाचार प्रसारित करने का विचार रखती है, और

(ग) यदि हां, तो कब तक और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

नागर विमानन मंत्री तथा सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री सी.एम. इब्राहिम) : (क) से (ग) बिहार में नरौली में कोई आकाशवाणी केन्द्र नहीं है। तथापि, आकाशवाणी, रांची प्रातः 8.30 बजे क्षेत्रीय समाचार प्रसारित करता है। जन-शक्ति, हार्डवेयर, प्रसारण समय और अन्य आवश्यक आधारभूत सुविधाओं की कमी होने के कारण दूरदर्शन केन्द्र, रांची से फिलहाल क्षेत्रीय समाचार बुलेटिन शुरू करने का कोई प्रस्ताव नहीं है। तथापि, रांची से घटित होने सभी महत्वपूर्ण वाली घटनाओं को कवर किया जाता है और इन्हें दूरदर्शन केन्द्र पटना से प्रसारित होने वाले क्षेत्रीय समाचार बुलेटिन में शामिल करने के लिए दूरदर्शन केन्द्र पटना को उपलब्ध करवाया जाता है और इन्हें दूरदर्शन केन्द्र रांची द्वारा भी रिले किया जाता है।

अहमदाबाद और राजकोट दूरदर्शन केन्द्रों द्वारा कच्छ क्षेत्र के प्रतिभाशाली युवाओं और कलाकारों के साथ भेदभाव

1756. श्री चीमनभाई हरीभाई शुक्ला : क्या सूचना और प्रसारण यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या अहमदाबाद और राजकोट दूरदर्शन केन्द्रों द्वारा कच्छ क्षेत्र के कलाकरों और अन्य प्रतिभाशाली युवाओं को अपने कार्यक्रम प्रसारित करने और उनमें भाग लेने के लिये विगत तीन वर्षो में आंमत्रित किया गया है;

(ख) क्या यह सच है कि उपर्युक्त केन्द्रों द्वारा कच्छ क्षेत्र के प्रतिभाशाली युवाओं के प्रति भेद-भाव पूर्ण, रवैया अपनाया जा रहा है,

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं,

(घ) क्या प्रादर्शिक भाषा के कार्यक्रमों में भाग लेने और इन कार्यक्रमों के प्रस्तुतिकरण में निदेशक का निदेशक का निर्णय अंतिम होता है, और

(ड़) क्या सरकार द्वारा उपरोक्त केन्द्रों की प्रसारण समय-सारणी में प्रत्येक जिले को समान महत्व देने हेतु कदम उठाये जा रहे हैं?

नागर विमानन मंत्री तथा सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री सी. एम. इब्राहिम) : (क) जी, हां।

(ख) जी, नहीं।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

(घ) जी, नहीं।

(ड) जी, हां।

Teleserials pending for Approval

1757. SHRI K. RAHMAN KHAN: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pelased to state:

(a) what is the total revenue earned by Doordarshan by telecasting various serials, telefilms and documenetaries in